# जबसे मिला तेरा प्यार बाबोसा भजन लिरिक्स

जबसे मिला,
तेरा प्यार बाबोसा,
मैंने जीवन दिया,
तुझपे वार बाबोसा,
जब से मिला,
तेरा प्यार बाबोसा।bd।

तर्ज – पलको का घर तैयार।

---

कोई नही था जब सहारा,
न कोई थी मंजिल,
मेरी ये जीवन नैया,
खोज रही थी साहिल,
तूने थामी हाथो में,
पतवार बाबोसा,
जब से मिला,
तेरा प्यार बाबोसा।bd।

---

जबसे बरस रही बाबोसा,
मुझपे तेरी रहमत,
बिन मांगे ही मिल रही है,
दुनिया की हर दौलत,
खुशियो का मिला,
संसार बाबोसा,
जब से मिला,
तेरा प्यार बाबोसा।bd।

---

दरबार ये बाबोसा का 'दिलबर',
लगता स्वर्ग के जैसा,
मंजू बाईसा के रूप में,
दर्श दिखाये श्री बाबोसा,
भक्तो का तू ही,
पालनहार बाबोसा,
जब से मिला,
तेरा प्यार बाबोसा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जबसे मिला,
तेरा प्यार बाबोसा,
मैंने जीवन दिया,
तुझपे वार बाबोसा,
जब से मिला,
तेरा प्यार बाबोसा।**bd।**

गायक – मनीष भट्ट मुम्बई।
रचनाकार – दिलीप सिंह सिसोदिया ‘दिलबर’
नागदा जक्शन म.प्र.
**9907023365**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com